# लक्ष्य से 22% अधिक राजस्व की वसूली

**वाणिज्यकर विभाग**

**उपलब्धि**

- कोरोना काल में 32 हजार करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ
- जीएसटी से हुई 16 हजार करोड़ की आमदनी



"करदाताओं को कोरोना के कारण हुई कठिनाइयों को विभाग द्वारा दूर करने का लगातार हर संभव प्रयास किया गया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय का कार्य हुआ।

–डॉ. प्रतिमा वर्मा, वाणिज्यकर आयुक्त सह सचिव

पटना | हिन्दुस्तान ब्यूरो

वैश्विक महामारी कोरोना काल में भी वाणिज्यकर विभाग ने 32 हजार करोड़ की राजस्व की प्राप्ति की है। पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने 26 हजार 166 करोड़ का राजस्व संग्रहण किया था। इस तरह पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में विभाग ने 22.35 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।

वाणिज्यकर विभाग के कुल राजस्व का 75 प्रतिशत राशि जीएसटी से प्राप्त होता है। जीएसटी के बाहर के वस्तु जैसे- पेट्रोलियम, विद्युत शुल्क आदि से 25 प्रतिशत की राजस्व प्राप्ति होती है। जहां तक जीएसटी राजस्व संग्रहण की स्थिति का सवाल है, इसमें विभाग ने 16 हजार करोड़ का संग्रहण किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 2.6 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी से बाहर के वस्तुओं पर कर संग्रहण में विभाग द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 10.47 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वाणिज्य-कर विभाग की आयुक्त-सह-सचिव डॉ. प्रतिमा वर्मा ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजस्व संग्रहण के लिए अनेक प्रयास किये गये हैं। कोरोना महामारी और लॉकडाउन के कारण उत्पन्न परिस्थितियों तथा आर्थिक मंदी में जहां अप्रैल, मई और जून में राजस्व संग्रह में 50 से 60% की कमी आयी थी, वहीं विभाग के अथक प्रयास के कारण वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गयी है।